**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**28.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1500बजे**

**पीएम–आचार्य**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत अपने विचारों, दर्शन और ज्ञान के कारण ही हजारों वर्षों से शाश्वत बना हुआ है। आज नई दिल्ली में प्रख्यात जैन संत आचार्य विद्यानंद जी महाराज की 100वीं जयंती समारोह का उद्घाटन करते हुए नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत, दुनिया की सबसे प्राचीन जीवंत सभ्यता है और इस शाश्वत दर्शन का स्रोत, देश के ऋषियों, संतों और आचार्यों में निहित है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आचार्य विद्यानंद मुनि इस प्राचीन भारतीय परंपरा के आधुनिक प्रकाश स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि आचार्य विद्यानंद जी ने अपने जीवन को केवल आध्यात्मिक साधना तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे समाज और संस्कृति के पुनर्निर्माण का एक सशक्त माध्यम भी बनाया।

..........................................................................

**केन्द्रीय मंत्री**

केन्द्रीय अल्पसंख्यक मामले व संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू प्रदेश के दौरे के तीसरे दिन आज लाहौल–स्पिति ज़िले के दौरे पर हैं। केंद्रीय मंत्री केलांग में सीवरेज प्लांट सहित कई जन कल्याणकारी योजनाएं जनता को समर्पित कर रहे हैं। उन्होंने कल किन्नौर ज़िले में भी विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इनमें पूह में करीब साढ़े 9 करोड़ रूपये की लागत वाले 2 इंडोर खेल स्टेडियमों का शिलान्यास शामिल है। केन्द्रीय मंत्री ने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास व वित्त निगम के लाभार्थियों से भी संवाद किया। एक जनसभा में उन्होंने केंद्र सरकार के ''सबका साथ–सबका विकास'' के नारे को सफल बनाने का संकल्प भी दोहराया। उन्होंने ज़िला अधिकारियों को तय समय में योजनाएं पूरा करने के निर्देश दिए ।

**हमने पैसा दिया राज्य सरकार उसके इंम्लिमेंट करते है लेकिन सही समय पर इंम्लिमेंट नहीं होगा तो उसका जो दूसरी बार जो पैसा आना है उसमें विलम्भ होगा। इसलिए डिप्यूटी कमिशन आपके यहां जिला अधिकारी और बाकि जितना भी यहां पर डिपार्टमेंट के ऑफिसर है जो इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के लोग है उनको मैं अनुरोध करता हूं की समय पर स्कीम को कम्प्लिट करने का कोशिस करें।**

..........................................................................

**मनसुख मांडविया**

केंद्रीय श्रम व रोजगार और युवा मामले व खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने शिमला में कर्मचारी राज्य बीमा निगम की 196वीं बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में निगम के बुनियादी ढांचे और स्वास्थ्य सेवा वितरण को बढ़ाने के उद्देश्य से कई योजनाओ निति और प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने देश भर में नियोक्ता व कर्मचारियों के पंजीकरण को बढ़ावा देने की योजना– एसपीआरईई को फिर से शुरू करने को मंजूरी दे दी है। मूल रूप से वर्ष 2016 में शुरू की

गई इस योजना ने 88 हजार से अधिक नियोक्ताओं और एक करोड़ कर्मचारियों के पंजीकरण को सफलतापूर्वक सुगम बनाया। नवीनीकृत योजना पहली जुलाई से 31 दिसंबर 2025 तक खुली रहेगी ।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने एमनेस्टी स्कीम 2025 को भी मंजूरी दी है जिसका उद्देश्य कानूनी झगड़ों को कम करना और ई.एस.आई. अधिनियम के तहत अनुपालन को बढ़ावा देना है।

..............................................................................

**प्रतिभा सिंह**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा है कि यदि पार्टी हाईकमान उन्हें फिर से पार्टी अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपती है तो वे इसके लिए तैयार है। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में प्रतिभा सिंह ने कहा कि उन्होंने पूरी निष्ठा के साथ अपना कर्त्तव्य निभाया है और संगठन को मजबूत करने के प्रयास किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा।

..............................................................................